दैनिक
न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-विज्ञान-फीचर
रायगढ़, शनिवार 3 नवम्बर 2018
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

## एचटीपीपी के कर्मियों ने मतदान की शपथ ली

(आरएनएस)। हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के अफ्सर व कर्मचारियों को मुख्य अभियंता राजेश वर्मा ने विधानसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई। यह कार्यक्रम उप.जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर आयोजित किया गया। जूनियर क्लब में अधिकारियों व कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण किया।

## किशोरी ने आत्महत्या की

(आरएनएस)। उरगा थाना अंतर्गत ग्राम कनबेरी निवासी सुरेंद्र कंवर की 17 वर्षीय पुत्री पूजा कंवर ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां मर्ग कायम कर आगे की जांच.पड़ताल शुरू की गई। किशोरी ने किस कारण से आत्महत्या की है इसका पता नहीं चला है।

## अनेक भाजपाईयों ने थामा कांग्रेस का दामन

(आरएनएस)। तालुर ग्राम में भाजपा से रहे पूर्व सरपंच कमलूराम मौर्य, सेमलनार प्रहलाद ने अपने समर्थकों समेत कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ले ली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने यह फैसला लिया है। इस दौरान यहां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फतेह सिंह परिहार, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री ईश्वर पानिग्राही सहदेव बघेल, आशीष मिश्रा रामयाराम मौर्य, सोहेल खान, खिरेंद्र नाग समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## चुनाव के दौरान ड्रोन बताएगा नक्सलियों का लोकेशन

(आरएनएस)। बस्तर संभाग में निरापद तरीके से चुनाव संपन्न कराने चुनाव आयोग पूरी तैयारी कर रहा है और निरापद तरीके से मतदान कराने आगामी दस दिन के बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सलियों की उपस्थिति एवं हलचल का पता लगाने चार जिलों में ड्रोन का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाएगा। जानकारी के अनुसार अधिक संवेदनशील माने जाने वाले दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर में इसका ट्रायल भी शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सुरक्षा के तहत ट्रैकर का उपयोग भी किया जा रहा है। बस्तर संभाग के सातों जिले में अब तक सुरक्षाबलों की 421 कंपनियां आ चुकी हैं। यहां तैनात बलों के अलावा और अधिक 538 कंपनियों की मांग की गई थी। बाहर से आने वाले सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के बाद अंदरूनी क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है। फिलहाल इन्हें सातों जिलों में मांग के अनुसार भेज दिया गया है। इन पैरामिलिट्री फोर्स में सीआरपीएफ, सीमा सुरक्षा बल, एसएसबी, आईटीबीपी, औद्योगिक सुरक्षा बल के साथ ही पंजाब सेप फोर्स भी यहां आ चुकी है। बाहर से आने वाले सुरक्षा बलों को सबसे ज्यादा खतरा यहां लगाई बारूदी सुरंगों से हैं। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों का नुकसान करने के लिए जगह-जगह आईईडी लगा रखे हैं। इंडक्शन के दौरान जवानों को इसके संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

## एचटीपीपी के कर्मियों ने मतदान की शपथ ली


कोरबा 3 नवम्बर (आरएनएस)। हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के अफ्सर व कर्मचारियों को मुख्य अभियंता राजेश वर्मा ने विधानसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई। यह कार्यक्रम उप.जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर आयोजित किया गया। जूनियर क्लब में अधिकारियों व कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण किया।

## आजादी के 60 साल बाद भी नदी पार के छह गांव के 600 लोगों को नाव का ही सहारा



जगदलपुर, 03 नवंबर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश से अलग होते छग राज्य के निर्माण के साथ यहां के निवासियों ने विकास का जो स्वप्न देखा था, वह समय के साथ-साथ धूमिल पड़ता जा रहा है और आज भी बस्तर विशेष रूप से दक्षिण-पश्चिम बस्तर में दर्जनों स्थानों पर ग्रामीणों को नदी व बड़े नाले पार करने के लिए डोंगी या लकड़ी से बनी हुई छोटी नाव का सहारा लेना पड़ता है। यहां के ग्रामीण पुल की मांग करते-करते थक गए हैं। संभाग का दंतेवाड़ा ऐसा जिला है, जहां से इंद्रावती का प्रवाह भी होता है। इंद्रावती नदी के इस पार बसे और उस पार बसे लोगों को नदी पार करने के लिए किसी प्रकार का सहारा सिवाये लकड़ी की डोंगी के नहीं रहता है। यहां नदी के किनारे बसे हुए सभी गांव के ग्रामीण आज भी इंद्रावती नदी पर पक्का पुल बनाये जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत इंद्रावती नदी के किनारे पर बसे 6 गांव के करीब 6 हजार लोगों की यही नियती मध्य प्रदेश के समय थी और छग बन जाने के बाद भी है।इस नदी को पार करने में ग्रामीण अक्सर जान जोखिम में डालते हैं और बरसात में तो प्राण की बाजी लगाकर विवशता में नदी पार करते हैं। इसके अलावा वहीं डोंगी पलटने के कारण अनेकों बार दुर्घटनायें होती ही रहती हैं।

## 19 नक्सलियों ने किया सरेंडर



जगदलपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास एवं आत्म समर्पण नीति से प्रभावित, पुलिस द्वारा चलाये गये नक्सल विरोधी अभियान से दबाव में आकर व जनजागरण अभियान से प्रेरित होकर, समाज की मुख्य धारा में शामिल होने की इच्छा, आंध्रप्रदेश के बड़े नक्सली लीडरों की प्रताड़ना एवं भेदभाव से प्रताड़ित होकर 19 सक्रिय नक्सलियों ने सुकमा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पित सभी माओवादी जनमिलिशिया सदस्य हैं और छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हैं।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि बस्तर रेंज में लगातार चल रहे नक्सल विरोधी अभियान से नक्सली संगठन पर भारी दबाव बना हुआ है, वहीं सरकार की आकर्षक पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने हेतु कुल 19 नक्सलियों फगनू सोढ़ी, लखमा कवासी, दुला सोढ़ी, सोनू मड़कामी, गुड्डू नाग, राजू कोर्राम, सनकु मड़कामी, सोमारू नाग, कुपति, कवासी बामन, गंगो कुंजामी, लच्छनु नाग, मुईये कवासी, कवासी मासे, मड़कामी लखमे, पुम्मे कोर्राम, सन्नी कवासी, सोमड़ी माड़वी, माड़वी कोसी ने आत्मसमर्पण किया है।

उक्परोक्त नक्सलियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। समर्पण करने वाले नक्सलियों में ज्यादातर लोग जनमिलिशिया सदस्य हैं। इनमें से दो नक्सली स्थायी वारंटी भी। सरेंडर करने वाले सभी नक्सलियों को दस-दस हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने घर पर लगाया भाजपा का झंडा, चौथी बार सरकार बनाने का लिया संकल्प



रायपुर। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने 'मेरा घर भाजपा का घर' कार्यक्रम के तहत अपने मौलश्री विहार वीआईपी रोड स्थित निजी आवास पर भाजपा का झंडा लगाया। इस अवसर पर सीएम डॉ. रमन सिंह समेत पार्टी कार्यकर्ताओं ने चौथी बार सरकार बनाने संकल्प लिया है।

## कोरबा जिले में धान खरीदी शुरू



(आरएनएस)। जिले के 27 सहकारी समितियों में धान खरीदी शुरू हो गई है। इसके लिए 41 केन्द्र बनाए गए हैं। पहले दिन टोकन जारी नहीं होने के कारण कोई भी किसान धान लेकर किसी भी केंद्र पर नहीं पहुंचा। शुक्रवार को कटघोरा समिति में एक किसान ने 18 चिंटल धान बेचने के लिए टोकन लिया है। इसी तरह सुखरीकला समिति के उमरेली केन्द्र में 8 चिंटल धान बेचने के लिए एक किसान ने टोकन कटवाया है।

समितियों का कहना है कि ड्डुधान खरीदी की रफ्तार दीपावली के बाद ही बढ़ेगी। राज्य शासन ने इस साल 15 दिन पहले धान खरीदी शुरू करने का निर्णय लिया था। पहले 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत होती थी। इस साल समर्थन मूल्य मोटा धान का 1 हजार 750 रुपए व 3सौ रुपए बोनस निर्धारित है। पतला धान का समर्थन मूल्य 1 हजार 770 व 300 रुपए बोनस है। सभी समितियों में बारदाने की व्यवस्था कर ली गई है। लेकिन कमी का पता अधिक धान आने पर ही चलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व नेटवर्क की समस्या रहती है। इसके कारण ऑन लाइन एंट्री की समस्या आगे भी रहेगी। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी ए के जोशी ने बताया कि पिछले साल की तरह किसानों को धान बेचने के लिए टोकन लेना अनिवार्य है। जिसमें धान लाने की तिथि व मात्रा भी लिखा होगा। इसके बाद ही खरीदी की जाएगी।

## स्वीप रंगोली और आकाशदीप से दिया मतदान करने का संदेश

(आरएनएस)। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मो. कैसर अब्दुल हक के मार्गदर्शन में संचालित किए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड में शत - प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप रंगोली सजाई गई तथा महिला एवं छात्राओं ने मानव श्रृंखला से एकजुटता का संदेश देते हुए स्वीप दीप की आकृति बनाई। मतदान दीपोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित सीईओ जिला पंचायर्त इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं, छात्र-छात्राओं, आम नागरिकों को अनिवार्य मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि परिवार में 18 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता हैं एवं आसपास के दिव्यांग वरिष्ठ नागरिक एवं तृतीय लिंग समुदाय के मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करें। जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में एक-एक वोट का महत्व बताते हुए अनिवार्य मतदान करने तथा लोकतांत्रिक प्रणाली से चुनी हुई सरकार बनाने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने जिले में संचालित स्वीप की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया तथा मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़कर शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करने में उपस्थित युवाओ, छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया।

## जमनीपाली के ग्रामीण करेगे चुनाव का बहिष्कार




(आरएनएस)। करतला ब्लॉक के ग्राम पंचायत जमनीपाली के ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की है। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर को पत्र भी लिखा है। साथ ही गांव के चौराहे में चुनाव बहिष्कार के संबंध में बैनर भी लगा दिया है।

इसके पहले सड़क नहीं बनने पर केराकछार के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार की घोषणा की थी। गांव के प्रेम पटेल, शिव कुमार ने बताया कि कृषि योग्य भूमि पर रेलवे लाइन किनारे इंडस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड नाम से कोल वाशरी संचालित किया जा रहा है। इसके कारण लोग परेशान हैं। खेती पूरी तरह बर्बाद हो रही है। प्रदूषण से लोग बीमार हो रहे हैं। फैक्ट्री को बंद करने के लिए कई बार प्रदर्शन भी किया गया। लेकिन सुनवाई नहीं हुई बल्कि ग्रामीणों को ही धमकाया जाता रहा। शिकायत के बाद भी अफ्सरों ने ध्यान नहीं दिया। सिंचाई विभाग ने रेलवे के पास से नहर का निर्माण कराया है, लेकिन माइनर का निर्माण नहीं कराया गया। इसके कारण सिंचाई भी नहीं होती। माइनर बनने से लगभग 3 सौ एकड़ में सिंचाई हो सकती है। जनप्रतिनिधियों ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। इसी वजह से सभी ने मिलकर चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि एक पुलिया की मांग लंबे समय से की जा रही है। इस पर भी ध्यान नहीं दिया गया है। गांव के लक्ष्मीनारायण का कहना है कि चुनाव के समय राजनीतिक दलों के नेता वोट मांगने पहुंचते हैं। लेकिन समस्याओं पर ध्यान नहीं देते। प्रशासन में भी सुनवाई नहीं होता। ऐसे में वोट डालकर क्या करेंगे। विष्णु कुमार ने बताया कि सरकार बनाने के लिए चुनाव होता है लेकिन सरकार बड़े लोगों की ही सुनती है

## रजनीकांत और अक्षय कुमार की फिल्म '2.0' का ट्रेलर आज होगा रिलीज




रजनीकांत और अक्षय कुमार की भूमिकाओं वाली बहुप्रतीक्षित फिल्म '2.0' का ट्रेलर आज (3 नवंबर) को जारी होगा. हाल ही में अक्षय ने ट्वीट कर अपने फैन्स को जानकारी दी थी, तैयार रहें, '2.0' का ट्रेलर तीन नवंबर को आ रहा अक्षय इस फिल्म में एक नकारात्मक सुपरहीरो की भूमिका में होंगे, जिसे एस. शंकर ने निर्देशित किया है. यह साइंस-फिक्शन थ्रिलर फिल्म 2010 में आई 'एंथिरन' का सीक्वल है. 'एंथिरन' को हिंदी में 'रोबोट' के नाम से रिलीज किया गया था.अक्षय की पहली तमिल फिल्मसाल के शुरू में अपने 51वें जन्मदिन पर अक्षय ने फिल्म में अपने किरदार का पोस्टर अपने प्रशंसकों के लिए जारी किया था. उन्होंने इसे अपना सर्वाधिक प्रभावशाली किरदार बताया था और कहा था कि यह एक ऐसा किरदार है, जिसके लिए लंबे समय तक उन्हें याद किए जाएगा. बता दें, '2.0' अक्षय कुमार की पहली तमिल फिल्म है. जिसमें अक्षय विलेन के रोल में नजर आएंगे, वहीं रजनीकांत इस फिल्म में हीरो का रोल निभा रहे है.


## कॉमेडियन भारती मचाने वाली है धमाल, ला रही है अपना चैट शो



आप सभी को बता दें कि कॉमेडियन भारती सिंह ने अपना नया चैट शो शुरू कर दिया है. जी हाँ, इसी के साथ ही वह अपना टॉक शो करने वाले कपिल शर्मा, करण जौहर, नेहा धूपिया जैसी अन्य शख्शियतों की कतार में खड़ी हो गई हैं. आप सभी जानते ही हैं कि कपिल, करण, नेहा विकास गुप्ता यह सभी अपना-अपना टाक शो करते हैं सभी के शोज हिट रहे हैं भारती भी उसी लाइन में खड़ी हो गई हैं. हाल ही में भारती ने अपने शो के बारे में हुए कहा, ÷यह शो तीन नवंबर से प्रसारित होगा. मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शकों को यह शो पसंद आएगा. कई गेम्स मजे के साथ वाला यह शो बहुत निजी है.आप सभी को बता दें कि आगे बात करते हुए उन्होंने कहा कि 'वह कपिल शर्मा को टीवी पर वापस देखना चाहती हैं. हर कोई कपिल की वापसी का इंतजार कर रहा है. आपको रुलाने वाले कई होते हैं, लेकिन आपको हंसाने वाले सिर्फ कुछ लोग होते हैं. इसलिए कुछ लोगों को वापसी करनी चाहिए.

आप सभी को यह ख़ास बात भी बता दें कि भारती आज यानी वीकेंड के वार एपिसोड में एक बार फिर से सलमान खान की पत्नी बनकर बिग बॉस में नजर आने वाली हैं वहीं इसी के साथ भारती का शो 'आना ही पड़ेगा' डीटीएच पर तीन नवंबर से प्रसारित होने के लिए तैयार है

## शोधकर्ता : 'बड़े मस्तिष्क वाली महिलाओं में मस्तिष्क कैंसर होने का खतरा ज्यादा होता है'



लंदन। अगर आपके मस्तिष्क में अधिक कोशिकाएं हैं तो आपको मस्तिष्क कैंसर होने का खतरा ज्यादा होता है। एक अध्ययन में कहा गया है कि बड़े दिमाग का मतलब है अधिक मस्तिष्क कोशिकाएं और जितनी अधिक कोशिकाएं होती हैं उनमें उतना ही विभाजन होता है। विभाजन के समय उनमें दोष भी पैदा हो सकता है और किसी जीन के डीएनए में स्थायी परिवर्तन यानी म्यूटेशन हो सकता है जिससे कैंसर होता है। नॉर्वीजन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलजी में पीएचडी कर रहे इवेन होविंग फ्लिनजेन ने कहा, तेजी से फैलने वाला मस्तिष्क कैंसर दुर्लभ तरह का कैंसर होता है लेकिन एक बार यह आपको हो जाए तो इससे बचने की संभावना बहुत कम हो जाती है। उन्होंने कहा, कई अध्ययनों में यह पता चला है कि कैंसर के पैदा होने में विभिन्न अंगों का आकार एक महत्वपूर्ण कारक होता है। उदाहरण के लिए बड़े स्तन वाली महिलाओं में स्तन कैंसर होने का खतरा ज्यादा रहता है। हम यह जांच करना चाहते थे कि क्या मस्तिष्क के ट्यूमर के मामले में भी ऐसा ही होता है। हजारों लोगों के रक्त के नमूनों और स्वास्थ्य के आंकड़ों का इस्तेमाल कर एक अध्ययन किया गया। शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क के आकार को मापने के लिए एमआरआई का इस्तेमाल किया। अध्ययन में यह भी पाया गया कि महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में ब्रेन ट्यूमर ज्यादा होता है। फ्लिनजेन ने कहा, पुरुष का मस्तिष्क महिलाओं के मुकाबले बड़ा होता है क्योंकि पुरुषों का शरीर आमतौर पर बड़ा होता है। इसका यह मतलब नहीं है कि पुरुष ज्यादा बुद्धिमान होते हैं बल्कि बड़े शरीर को नियंत्रित करने के लिए अधिक मस्तिष्क कोशिकाओं की जरुरत पड़ती है। शोधकर्ता ने कहा कि यह पाया गया कि बड़े मस्तिष्क वाले पुरुषों की तुलना में बड़े मस्तिष्क वाली महिलाओं को मस्तिष्क कैंसर होने का खतरा ज्यादा रहता है।